**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 26.08.2020**

**PUNJAB KESARI**

# 'उभरती प्रौद्योगिकी में शोध कार्यों को बढ़ावा दें'

## ऑनलाइन कार्यक्रम 'क्लाउड कम्प्यूटिंग' में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के उद्‌गार

**गोपनीयता को सुरक्षित रखने के नए उपायों को विकसित करने पर जोर**



फरीदाबाद, 25 अगस्त (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभागों द्वारा संयुक्त रूप से 'क्लाउड कम्प्यूटिंग' पर आयोजित किया जा रहा एक सप्ताह का टीईक्यूआईपी प्रयोजित ऑनलाइन मूल्य वर्धित कार्यक्रम संपन्न हो गया। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं तथा संकाय सदस्यों सहित 125 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्लाउड कम्प्यूटिंग की अवधारणाओं, प्रौद्योगिकी तथा अनुप्रयोगों के विविध क्षेत्रों में प्रतियोगितयों को जानकारी प्रदान करना था। समापन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर मिक्सोरग कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ सचिन गौड़ मुख्य वक्ता रहे।

इस सत्र में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, इंफोरमेटिक्स एवं कम्प्यूटिंग के डीन प्रो. कोमल कुमार भाटिया और कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग के अध्यक्ष प्रो. मंजीत सिंह भी उपस्थित थे। एक सप्ताह के कार्यक्रम का संचालन के विशेषज्ञ वक्ताओं में अलका टेक्नोलॉजीज के निदेशक अमेय ताम्बे भी समापन सत्र में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सपना गंभीर और डॉ. पारुल तोमर द्वारा किया गया था। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन पर दोनों विभागों को बधाई दी तथा उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रतिभागियों को कार्यक्रम में अर्जित ज्ञान का उपयोग अपने शोध क्षेत्र में करने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने संबोधन में सचिन गौड़ ने कंप्यूटिंग के क्षेत्र में गोपनीयता को सुरक्षित रखने के नए उपायों को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल कुमार भाटिया ने कार्यक्रम पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि किस तरह से कार्यक्रम के दौरान शामिल विषय प्रतिभागियों को उनके भविष्य के शोध कार्यों में मदद करेंगे। कंप्यूटर एप्लिकेशन के अध्यक्ष प्रो. मंजीत सिंह ने कार्यक्रम के अलावा अन्य विषयों पर प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन करने पर उनका आभार जताया। इस अवसर पर अलका टेक्नोलॉजीज के निदेशक अमेय ताम्बे ने भी कार्यक्रम को लेकर अपने अनुभव साझा किए। डॉ. पारुल तोमर ने विशेषज्ञ वक्ताओं, आयोजन टीम और सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम को सफल बनाने पर धन्यवाद दिया।

**NEWS CLIPPING: 26.08.2020**

**THE PIONEER**

# 'क्लाउड कम्प्यूटिंग' पर एक सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभागों द्वारा संयुक्त रूप से 'क्लाउड कम्प्यूटिंग' पर आयोजित किया जा रहा एक सप्ताह का टीईक्यूआईपी प्रयोजित ऑनलाइन मूल्य वर्धित कार्यक्रम संपन्न हो गया। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं तथा संकाय सदस्यों सहित 125 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्लाउड कम्प्यूटिंग की अवधारणाओं, प्रौद्योगिकी तथा अनुप्रयोगों के विविध क्षेत्रों में प्रतियोगितयों को जानकारी प्रदान करना था। समापन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर मिक्सोरग कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ श्री सचिन गौड़ मुख्य वक्ता रहे। इस सत्र में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, इंफोरमेटिक्स एवं कम्प्यूटिंग के डीन प्रो. कोमल कुमार भाटिया और कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग के अध्यक्ष प्रो. मंजीत सिंह भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING: 26.08.2020**

## HINDUSTAN

# वाईएमसीए में 'क्लाउड कम्प्यूटिंग' पर हुआ कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कंप्यूटर इंजीनियरिंग और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभागों की ओर से क्लाउड कम्प्यूटिंग पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। एक सप्ताह के इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर छात्रों, शोधकर्ताओं तथा संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्लाउड कम्प्यूटिंग की अवधारणाओं, प्रौद्योगिकी तथा अनुप्रयोगों के विविध क्षेत्रों में प्रतियोगितयों को जानकारी प्रदान करना था। समापन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर मिक्सोरग कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ सचिन गौड़ मुख्य वक्ता रहे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 26.08.2020**

## DAINIK JAGRAN

# क्लाउड कंप्यूटिंग पर आयोजित कार्यक्रम का समापन

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय में क्लाउड कंप्यूटिंग पर आयोजित ऑनलाइन मूल्य वर्धित कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम कंप्यूटर इंजीनियरिंग और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के संयुक्त प्रयास से हुआ था। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं तथा संकाय सदस्यों सहित 125 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्लाउड कंप्यूटिंग की अवधारणाओं, प्रौद्योगिकी में उपयोगिता की जानकारी प्रदान करना था।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मिक्सोरग कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक सचिन गौड़ मुख्य वक्ता रहे। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, इंफोरमेटिक्स एवं कंप्यूटिंग के डीन प्रो. कोमल कुमार भाटिया और कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग के अध्यक्ष प्रो. मंजीत सिंह, अलका टेक्नोलॉजीज के निदेशक अमेय ताम्बे ने भी समापन सत्र में कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सपना गंभीर और डॉ. पारुल तोमर ने किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम में अर्जित ज्ञान का उपयोग अपने शोध क्षेत्र में करने के लिए प्रोत्साहित किया। सचिन गौड़ ने कंप्यूटिंग के क्षेत्र में गोपनीयता को सुरक्षित रखने के नए उपायों को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**NEWS CLIPPING: 26.08.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# क्लाउड कंप्यूटिंग पर हुआ कार्यक्रम

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर इंजीनियरिंग व कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की तरफ से क्लाउड कंप्यूटिंग पर आयोजित कराए जा रहे एक सप्ताह के ऑनलाइन कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर छात्रों, शोधकर्ताओं व स्टाफ सदस्यों सहित 125 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्लाउड कंप्यूटिंग की अवधारणाओं, प्रौद्योगिकी व अनुप्रयोगों के विविध क्षेत्रों में प्रतियोगिताओं की जानकारी प्रदान करना था। समापन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर मिक्सोरग कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक व सचिन गौड़ मुख्य वक्ता रहे। कुलपति ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन पर दोनों विभागों को बधाई दी।